


**Warning:** Smartkeeda possesses all copyrights on its content. This doesn't allow anyone to use its content for commercial purposes. If any infringement is found, legal action will be taken against the individual or entity. If you want to use the content for commercial purposes, kindly write to us at admin@smartkeeda.com .

# Samas Vigrah Questions for RRB Scale I Mains & RRB Office Assistance Mains

## Hindi Samas Vigrah Quiz 9

**दिशा-निर्देश: निम्नलिखित शब्दों के साथ पाँच विकल्प दिए हैं। बताइएये की विकल्पों में से कौन दिए गए शब्द का सही समास है?**

**1. यथेच्छा**

A. कर्मधारय समास B. अव्ययीभाव समास C. द्वंद्व समास

D. संबंध तत्पुरुष E. इनमें से कोई नहीं।

**2. रथचालक**

A. अव्ययीभाव समास B. कर्मधारय समास C. संप्रदान तत्पुरूष समास

D. कर्म तत्पुरुष समास E. इनमें से कोई नहीं।

Smartkeeda
The Question Bank

**3. सप्तर्षि**

A. बहुव्रीहि समास B. अधिकरण तत्पुरुष समास C. द्विगु समास

D. कर्मधारय समास E. इनमें से कोई नहीं।

**4. प्रधानमंत्री**

A. बहुव्रीहि समास B. द्विगु समास C. संप्रदान तत्पुरुष समास

D. कर्म तत्पुरुष समास E. इनमें से कोई नहीं।

**5. तुलसीकृत**

A. अपादान तत्पुरुष समास B. कर्म तत्पुरुष समास C. करण तत्पुरुष समास

D. अव्ययीभाव समास E. इनमें से कोई नहीं।

6. **चरणकमल**

A. अव्ययीभाव समास B. तत्पुरुष समास C. द्विगु समास

D. कर्मधारय समास E. इनमें से कोई नहीं।

7. **यथामति**

A. अव्ययीभाव समास B. कर्म तत्पुरुष समास C. संबंध तत्पुरुष

D. संप्रदान तत्पुरुष समास E. इनमें से कोई नहीं।

8. **मूर्तिकार**

A. अव्ययीभाव समास B. कर्मधारय समास C. संप्रदान तत्पुरुष समास

D. कर्म तत्पुरुष समास E. इनमें से कोई नहीं।

Smartkeeda
The Question Bank

9. **घुड़सवार**

A. बहुव्रीहि समास B. अधिकरण तत्पुरुष समास C. द्विगु समास

D. कर्मधारय समास E. इनमें से कोई नहीं।

10. **मालगाड़ी**

A. संप्रदान तत्पुरुष समास B. संबंध तत्पुरुष C. अधिकरण तत्पुरुष समास

D. द्विगु समास E. इनमें से कोई नहीं।

**Correct answer:**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B | D | C | A | C | D | A | D | B | A |

**Explanation:**

**1.** 'यथेच्छा' अर्थात् इच्छा के अनुसार। (यथेच्छा = यथा + इच्छा)

जिस समास का प्रथम पद अव्यय हो, और उसी का अर्थ प्रधान हो तथा जिसमें पहला पद हर, यथा, अनु आदि हो वह अव्ययीभाव समास होते है।

अत: यह अव्ययीभाव समास का उदाहरण है।

**उदाहरण:** यथासंभव अर्थात् जैसा संभव हो। (यथा + संभव)

अतः विकल्प B सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank

**2.** 'रथचालक' अर्थात् रथ को चलानेवाला वाला।

जिस समास में कर्म कारक की विभक्ति 'को' का लोप होता है, उसे कर्म तत्पुरुष समास कहते है।

अत: यह कर्म तत्पुरुष समास का उदाहरण है।

**उदाहरण:** 'यशप्राप्त' अर्थात् यश को प्राप्त करने वाला।

अतः विकल्प D सही चयन है।

**3.** 'सप्तर्षि' अर्थात् सात ऋषियों का समूह।

इस समास का पूर्वपद संख्यावाचक विशेषण होता है।

अत: यह द्विगु समास का उदाहरण है।

**उदाहरण:** 'नवरत्न ' अर्थात् नव रत्नों का समाहार।

अतः विकल्प C सही चयन है।

**4.** 'प्रधानमंत्री' अर्थात् मंत्रियों में प्रधान है जो।

इसमे दोनों पद किसी अन्य अर्थ को व्यक्त करते हैं।

अत: यह बहुव्रीहि समास का उदाहरण है।

**उदाहरण:** अंशुमाली = जिसकी माला अंशु (किरणे) है अर्थात् सूर्य

अतः विकल्प A सही चयन है।

**5.** 'तुलसीकृत' अर्थात् तुलसी द्वारा रचित।

जहाँ पर पहले पद में करण कारक का बोध होता है। करण कारक का चिन्ह या विभक्ति 'के द्वारा' और 'से' होता है। उसे करण तत्पुरुष कहते हैं।

अत: यह करण तत्पुरुष समास का उदाहरण है ।

**उदाहरण:** 'मनचाहा' अर्थात् मन से चाहा।

अतः विकल्प C सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank

**6.** 'चरणकमल' अर्थात् कमल रूपी चरण।

कर्मधारय समास में एक पद विशेषण या उपमान होता है और दूसरा पद विशेष्य या उपमेय होता है।

अत: यह कर्मधारय समास का उदाहरण है।

'कालीमिर्च' अर्थात् काली है जो मिर्च।

शब्दों का विग्रह करने पर बीच में है जो, के समान आते है।

अतः विकल्प D सही चयन है।

**7.** 'यथामति' अर्थात् मति के अनुसार।

जिस समास का प्रथम पद अव्यय हो, और उसी का अर्थ प्रधान हो तथा जिसमें पहला पद हर, यथा, अनु, आ,प्रति आदि हो वह अव्ययीभाव समास होते है।

अत: यह अव्ययीभाव समास का उदाहरण है।

उदाहरण: 'आजन्म' अर्थात् जन्म से लेकर।

अतः विकल्प A सही चयन है।

**8.** 'मूर्तिकार' अर्थात् मूर्ति को बनाने वाला।

जिस समास में कर्म कारक की विभक्ति 'को' का लोप होता है, उसे कर्म तत्पुरूष समास कहते हैं।

अत: यह कर्म तत्पुरूष समास का उदाहरण है।

**उदाहरण:** 'राजद्रोही' अर्थात् राजा को धोखा देने वाला।

अतः विकल्प D सही चयन है।

**9.** 'घुड़सवार' अर्थात् घोड़े पर सवार।

जिस समास का उत्तर पद प्रधान हो और जिसमें विभक्ति 'में', 'पर' लुप्त हो जाती है। उसे अधिकरण तत्पुरूष समास कहते हैं।

अत: यह अधिकरण तत्पुरूष समास का उदाहरण है।

उदाहरण: 'वनवास' अर्थात् वन में वास।

अतः विकल्प B सही चयन है।

**10.** 'मालगाड़ी' अर्थात् माल के लिए गाड़ी।

जिसमें 'के लिए' यह पद लुप्त होता है उसे संप्रदान तत्पुरूष समास कहते हैं।

अत: यह संप्रदान तत्पुरूष समास का उदाहरण है।

उदाहरण: 'चिड़ियाघर' अर्थात् चिड़िया के लिए घर।

अतः विकल्प A सही चयन है।

Smartkeeda The Question Bank

Smartkeeda
The Question Bank

Presents

# TESTZONE

India's least priced Test Series Platform

JOIN

## All Bank Exams

2020-2021 Test Series

@ Just
₹ 599/-

400+ Mock Tests

- Brilliant Test Analysis
- Excellent Content
- Unmatched Explanations

JOIN NOW